वार्षिक रिपोर्ट

2001-2002

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान

वार्षिक रिपोर्ट

2001-2002

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान
17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016

© राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg.
New Delhi-110016
DOC, No .....
Date .....

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान के लिए कुलसचिव, नीपा द्वारा प्रकाशित तथा ड्रीम सिस्टम्स कंप्यूटर सेंटर, नई दिल्ली 110 016 द्वारा टाईपसेट होकर अनिल आफसेट एण्ड पैकेजिंग प्रा.लि., जवाहर नगर, नई दिल्ली में नीपा के प्रकाशन एकक द्वारा मुद्रित।

विषय सूची

1.	विहंगावलोकन	1
2.	प्रशिक्षण	9
3.	अनुसंधान	20
4.	प्रकाशन	22
5.	पुस्तकालय / प्रलेखन केंद्र और अकादमिक समर्थन प्रणाली	25
6.	सूचना प्रौद्योगिकी समर्थन प्रणाली	31
7.	संगठन, प्रशासन और वित्त	33

अनुलग्नक

I.	प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं/संगोष्ठियां/सम्मेलन	37
II.	संकाय का अकादमिक योगदान	44

परिशिष्ट

I.	नीपा परिषद्	75
II.	नीपा कार्यकारी समिति	78
III.	वित्त समिति	79
IV.	योजना और कार्यक्रम समिति	80
V.	संकाय तथा प्रशासनिक स्टाफ	82
VI.	वार्षिक लेखा और लेखा परीक्षा रिपोर्ट	85

मिशन और उद्देश्य

- शैक्षिक योजना और प्रशासन में उत्कृष्टता का ऐसा राष्ट्रीय केंद्र विकसित करना जो योजना और प्रशासन की गुणवत्ता में सुधार लाए और इसके लिए अध्ययन, नए विचारों और तकनीकों के सृजन का रास्ता अपनाए तथा कार्यनीतिक समूहों के साथ विचार-विमर्श कर और प्रशिक्षण के माध्यम से इनका प्रचार-प्रसार करे;
- केंद्र, राज्यों और संघ राज्यों की सरकारों के वरिष्ठ शिक्षाधिकारियों के लिए सेवा-पूर्व और सेवाकालीन अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं, बैठकों, संगोष्ठियों तथा परिचय-सत्रों का आयोजन करना;
- महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र से संबद्ध प्रशासकों के लिए अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का आयोजन करना;
- संस्थान के समान कार्यों से संबद्ध संस्थानों का नेटवर्क विकसित करना और ऐसी समर्थनकारी तथा साहयोगिक भूमिका अदा करना जिससे राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों और प्रादेशिक क्षेत्रों का क्रमिक विकास हो सके;
- केंद्र और राज्य सरकारों में शैक्षिक योजना और प्रशासन संबंधी नीति-निर्माण से जुड़े विधिनिर्माताओं समेत राष्ट्रीय स्तर के व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम, संगोष्ठी और सामूहिक परिचर्चा का आयोजन करना;
- शैक्षिक योजना और प्रशासन के विभिन्न पक्षों पर शोधकार्य करना, उन्हें सहायता और प्रोत्साहन देना और उनका समन्वय करना, इनमें भारत के विभिन्न राज्यों और अन्य देशों में प्रयुक्त योजनाकारी तकनीकों और प्रशासनिक कार्यप्रणालियों के तुलनात्मक अध्ययन भी शामिल हैं;
- शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में कार्य कर रहे कार्मिकों, संस्थानों और एजेंसियों का अकादमिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन करना;
- राज्य सरकारों और शिक्षा संस्थानों के क्षेत्र में कार्य कर रहे कार्मिकों, संस्थानों और एजेंसियों का अकादमिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन करना;
- राज्य सरकारों और शिक्षा संस्थाओं के अनुरोध पर सलाहाकारी सेवाएं प्रदान करना;
- शैक्षिक योजना और प्रशासन संबंधी अनुसंधान, प्रशिक्षण और विस्तार कार्य से संबंधित विचारों और सूचनाओं के लिए वितरण-केंद्र के रूप में कार्य करना;
- इन उद्देश्यों की अधिकाधिक पूर्ति के लिए भारत और विदेश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालय प्रबंध और प्रशासन के क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के साथ सहयोग करना;
- अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अध्येतावृत्ति, छात्रवृत्ति और अकादमिक प्रोत्साहनवृत्ति प्रदान करना;
- शैक्षिक योजना और प्रशासन से जुड़े विख्यात शिक्षाविदों को मानद अध्येतावृत्ति प्रदान करना; और
- अन्य देशों और विशेष रूप से एशियाई देशों के अनुरोध पर शैक्षिक योजना और प्रशासन संबंधी प्रशिक्षण और अनुसंधान की सुविधाएं प्रदान करना तथा ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में उनका सहयोग करना।

अध्याय 1

विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन (नीपा) शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक शीर्षस्थ भारतीय संस्थान है। आरंभ में 1961-62 में योजनाकर्मियों, प्रशासकों और पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण के लिए यूनेस्को के क्षेत्रीय केंद्र के रूप में इसकी स्थापना हुई थी। अब नीपा पंजीकृत सोसायटी के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा पूर्णतः प्रायोजित एक स्वायत्त संस्थान है। इसके स्वायत्त स्वरूप के कारण इसके दर्शन, आंतरिक कार्यकलापों और विकास की दिशा में भी परिवर्तन हुआ है। आरंभ में यह शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक प्रशिक्षण संस्थान था परंतु अब इसके कार्यकलापों का केंद्र बिंदु बदल गया है और यह एक संसाधन संस्थान के रूप में कार्यरत है। संस्थान में पहले केवल प्रशिक्षण पर बल दिया जाता था परंतु अब शोध और व्यावसायिक क्षमता विकास के प्रयासों पर बल दिया जाता है। मानव क्षमता विकास कार्यक्रमों को शोध अध्ययनों के आधार पर संवर्धित किया जाता है।

संस्थान के चार्टर के अनुसार इसकी गतिविधियों को मुख्यतः चार वर्गों में विभाजित किया गया है :

- शोध
- प्रशिक्षण
- परामर्श
- विस्तार, और
- प्रसारण

इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संस्थान में तीन प्रकार के अकादमिक एकक - विषयवार एकक, स्तरवार एकक और स्थानिक एकक स्थापित हैं। विषयवार अकादमिक एकक हैं :

- योजना
- प्रशासन
- नीति
- वित्त, तथा
- संक्रियात्मक शोध और प्रणाली प्रबंधन

शैक्षिक स्तर के दो एकक हैं :

- विद्यालय और अनौपचारिक शिक्षा एकक, तथा
- उच्च शिक्षा एकक

स्थानिक स्तर के दो एकक हैं :

- प्रादेशिक प्रणाली एकक, और
- अंतर्राष्ट्रीय एकक

अकादमिक गतिविधियों को मुख्य रूप से तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है : (1) क्षमता निर्माण, (2) ज्ञान का सृजन, अनुप्रयुक्त शोध और क्रियात्मक शोध , और (3) ज्ञान का प्रसार, परामर्श, व्यावसायिक समर्थन और प्रकाशन।

क्षमता विकास

कार्यक्रम के प्रमुख क्षेत्र

प्रशिक्षण के क्षेत्र में विशेष बल शैक्षिक योजना और प्रशासन संबंधी प्रशिक्षण सेवाओं की नेटवर्किंग पर और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण पर खास जोर दिया जाता है। इसका उद्देश्य क्षेत्र, राज्य, स्थान और संस्था के स्तर पर प्रशिक्षण की क्षमताओं का विकास करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों पर बल दिया जाता है, जैसे — सभी के लिए शिक्षा, व्यष्टिस्तरीय योजना, जिला स्तर पर योजना, संस्था स्तर पर योजना और मूल्यांकन, अनौपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों की योजना और प्रबंधन, आदिवासी शिक्षा, विकेंद्रीकृत प्रशासन, लैंगिक प्रश्न, पर्यावरण शिक्षा, कंप्यूटरों का अनुप्रयोग, और (i) अकादमिक स्टाफ कालेजों, (ii) स्वायत्त महाविद्यालयों की योजना और विकास, तथा (iii) उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता और प्रासंगिकता लाने के लिए योजना और विकास।

विस्तार

संस्थान ने इस साल 53 कार्यक्रमों का आयोजन किया। इनमें भारत के विभिन्न भागों से 1560 और दुनिया के 44 देशों तथा 8 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से 108 भागीदारों को भाग लेने का अवसर मिला।

प्रशिक्षण सामग्री

क्षेत्र, राज्य और राष्ट्र के स्तर पर क्षमता के विकास के लिए संस्थान ने शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में स्वशिक्षा माड्यूल, आलेख और सांख्यिकीय आंकड़ों की रिपोर्टें तैयार की गई हैं। संकाय ने प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विभिन्न स्रोतों के आधार पर, कार्यक्रमों के विषयों पर पठन सामग्री तैयार की जो भागीदारों को उपलब्ध कराई जाती हैं।

प्रशिक्षण की पद्धति

नीपा एक अंतर-शास्त्रीय संस्थान है। इसके सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर-शास्त्रीय आधार पर संचालित किए जाते हैं। तदनुसार कार्यक्रम की विधि की रूपरेखा तैयार की जाती है। निरापवाद स्वरूप सभी कार्यक्रमों की कार्यविधियों में व्याख्यान, व्याख्यान परिचर्चा, अभिप्रेरणा, भूमिका-प्रदर्शन, केस अध्ययन, व्यावहारिक और सामूहिक कार्य, प्रतिभागी संगोष्ठियां आदि सहित आधुनिकतम बहुमाध्यमों का प्रयोग किया जाता है। संस्थान के प्रशिक्षण कक्ष आधुनिकतम शैक्षिक प्रौद्योगिकी, जैसे — एल. सी. डी. प्रोजेक्टर के साथ कंप्यूटर, वीडियो और टेलिविजन, ओवर हैड प्रोजेक्ट, व्हाइट मार्कर बोर्ड, पन्ना बोर्ड,आदि से पूर्णत: सुसज्जित हैं। नीपा संकाय इन उपकरणों के प्रयोग की तकनीक से पूरी तरह परिचित हैं और नियमित रूप से इनका प्रयोग करते हैं। कार्यक्रम विधि में क्षमता विकास के लिए एक प्रमुख हस्तक्षेप के रूप में प्रतिभागियों के लिए क्षेत्रीय अध्ययन दौरे का आयोजन भी सम्मिलित है जो प्रतिभागियों को सांस्थानिक नियोजन और प्रबंधन की नवाचारी विधियों की जांच पड़ताल कर अनुकूल विधि के प्रतिपादन के लिए प्रोत्साहित करता है।

कार्यक्रम की योजना में नीचे से ऊपर की प्रतिभागिता विधि का प्रयोग किया जाता है। संकाय सदस्य व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम के प्रस्ताव तैयार करतें हैं। एकक स्तर पर, एकक अध्यक्षों की बैठकों और संकाय परिषद की बैठक में संकाय स्तर पर उनके प्रस्तावों की समीक्षा की जाती है। इसके बाद कार्यक्रम योजना समिति, वित्त समिति और कार्यकारी समिति के सम्मुख अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाता है। इन समितियों में संस्थान के बाहर के विशेषज्ञ होते हैं। प्रत्येक कार्यक्रम को प्रारंभ करने से पहले विशेष रूप से गठित कार्य बल में इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाता है। प्रत्येक कार्यक्रम के प्रतिभागी भी उस कार्यक्रम का मूल्यांकन करते हैं। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन टिप्पणी के आधार पर भावी कार्यक्रमों में पुन: परिवर्तन और सुधार किया जाता है।

अनुसंधान

नीपा मुख्यत: एक शोध संस्थान है। इस संस्थान की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसके संकाय का प्रत्येक सदस्य शोधकर्ता हैं। संस्थान के शोध कार्यों को मुख्य रूप से दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता हैं : समनुदेशित या आवंटित शोध कार्य और स्वनिरूपित शोध कार्य। भारत सरकार, विशेषकर, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, योजना आयोग, विभिन्न सरकारी अभिकरण, जैसे — विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राज्य स्तरीय संगठन और भारत में कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय संगठन नीपा को शोध अध्ययन कार्य आवंटित करते हैं। ऐसे शोध कार्यों को संबंधित अभिकरण प्रायोजित करते है। ऐसे शोध कार्य प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों, परियोजनाओं और योजनओं का पृष्ठपोषण और अनुश्रवण में आधारभूत स्रोत का कार्य करते हैं। दूसरी श्रेणी के शोध कार्यों में वे शोध आतें हैं जिन्हें संबंधित संकाय सदस्य अपने विशिष्ट अध्ययन क्षेत्र के अनुसार निरूपित करते हैं। ऐसे शोध अध्ययनों को संस्थान अपने बजट संसाधनों से अनुदान प्रदान करता है। संस्थान अपने उद्देश्यों के अनुसार देश के विभिन्न शोध संस्थानों के परियोजना अध्ययनों को प्रायोजित करके शोध को बढ़ावा देता है। इसके अलावा संस्थान विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर शोध परियोजना अध्ययन भी करता है।

समीक्षाधीन वर्ष में 14 अनुसंधान परियोजनाएं पूरी हुईं। 3 परियोजना अध्ययनों को मंजूरी दी गई/जारी थीं।

परामर्शकारी और व्यावसायिक सहयोग

परामर्शकारी और समर्थनकारी सेवाएं नीपा चार्टर का एक भाग है। संस्थान शैक्षिक नीति निर्माण , मानव संसाधन विकास मंत्रालय, योजना आयोग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अन्य राष्ट्रीय निकायों के कार्यक्रमों के विकास, योजना, कार्यान्वयन और मूल्यांकन संबंधी कार्यों में पूरी तरह सम्मिलित होता है। नीपा शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यावसायिक सहयोग देता है। यह राज्य सरकारों और राज्य स्तरीय संगठनों ,जैसे —एस सी ई आर टी, सीमैट, राज्य उच्च शिक्षा परिषदों, आदि को भी समर्थनकारी सेवाएं प्रदान करता है। इन राष्ट्रीय और राज्य स्तर की समर्थनकारी सेवाओं के अलावा नीपा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, जैसे — यूनेस्को, विश्व बैंक, सीडा और अन्य दूसरे अभिकरणों को भी व्यावसायिक समर्थन प्रदान करता है।

नीपा संकाय के कई सदस्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञ हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मसलों पर उनकी परामशकारी सेवाएं ली जाती है। नीपा ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परामर्श के क्षेत्र में एक नई पहल की है। संस्थान को अपने पड़ोसी देश, नेपाल में एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तपोषित परियोजना -विकेंद्रित योजना के अंतर्गत व्यावसायिक समर्थन के लिए आमंत्रित किया गया। इस परियोजना को संस्थान व्यावसायिक सेवा प्रदान कर रहा है।

सूचनाओं का प्रसार

प्रकाशन

नीपा के शोध और संकल्पनात्मक ज्ञान के प्रचार-प्रसार का मुख्य माध्यम प्रकाशन हैं। विगत वर्षों के सतत प्रयासों से संस्थान में मजबूत प्रकाशन कार्यक्रम का विकास हुआ है जिसमें कई महत्वपूर्ण घटक भी सम्मिलित है।

संस्थान नियमित रूप से *नीपा न्यूज लेटर* और *एन्ट्रिप न्यूज लेटर* का प्रकाशन करता है। नीपा *एन्ट्रिप* (शैक्षिक योजना प्रशिक्षण और शोध संस्थान नेटवर्क) का मुख्यालय भी है।

नीपा अंग्रेजी *में जर्नल आफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन* और हिंदी में *परिप्रेक्ष्य* नामक व्यावसायिक शोध पत्रिका का प्रकाशन करता है।*जर्नल आफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन* एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका है जिसका लगभग 60 अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं के साथ विनिमय होता है।

संस्थान में दो प्रकार के समसामयिक प्रकाशन निकाले जाते हैं। पहला, समसामयिक आलेख के रुप में प्रकाशित होता है जिन्हें नीपा संकाय तैयार करता है। दूसरा समसामयिक प्रकाशन बेस्ट *प्रैक्टिसेज़ इन एजुकेशन* के रूप में प्रकाशित किया जाता है जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक नवाचार का दस्तावेज है।

नीपा शोध रिपोर्टें, सम्मेलनों की कार्यवाहियां और संकाय द्वारा तैयार शैक्षिक सामग्री का प्रकाशन करता है। हाल ही में संस्थान ने शैक्षिक और शोध रिपोर्टों का समूल्य प्रकाशन भी आरंभ किया है। इसके अलावा

नीपा की ओर से प्रकाशन और प्रसार का व्यापक विस्तार करने के लिए निजी प्रकाशकों का सहयोग भी लिया गया है।

समीक्षाधीन वर्ष में 14 पुस्तकें तथा शोध पत्रिकाओं के सात अंक — पांच अंग्रेजी जर्नल और दो हिंदी जर्नल – *'परिप्रेक्ष्य'* नीपा न्यूज लेटर और एन्ट्रिप न्यूज लेटर के दो-दो अंक प्रकाशित किए गए।

समीक्षाधीन वर्ष में अनेक मिमियोग्राफ, शोध पत्रों और रिपोर्टों के अलावा प्रशिक्षण कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट, आईडिपा और डेपा के घोषणापत्र प्रकाशित किए गए।

अकादमिक और सहायक एकक

संस्थान के अकादमिक कार्यक्रम नौ अकादमिक एककों द्वारा चलाए जाते हैं। इन अकादमिक और सहायक एककों का संक्षिप्त विवरण नीचे प्रस्तुत है :

अकादमिक एकक

शैक्षिक योजना एकक : आज हम केंद्रीकृत की जगह विकेंद्रीकृत योजनाओं पर जोर दे रहे हैं। योजना एकक में अनुसंधान, प्रशिक्षण और परामर्श का केंद्र भी बदला है। हमारा मुख्य प्रयास है संस्था, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर योजना के आगतों, प्रक्रियाओं और उत्पादों का एकीकरण करना। अर्थव्यवस्था का उदारीकरण आरंभ होने के बाद अब परंपरागत अर्थों में व्यापक योजना की जगह कार्यनीतिक, सांकेतिक योजना पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। यह एकक अनुसंधान, प्रशिक्षण और परामर्श से संबंधित कार्यक्रम चलाता है।

शैक्षिक प्रशासन एकक : इस एकक का प्रमुख बल शैक्षिक प्रबंधन में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर है। यह संस्था प्रमुखों तथा क्षेत्र स्तर के अधिकारियों के लिये कार्यक्रम आयोजित करता है। इस एकक ने भारी संख्या में संस्थानों की क्षमता निर्माण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इंटरएक्टिव टेलिविज़न के माध्यम से एक बहुमाध्यमी नवाचारी दूरवर्ती अधिगम की रूपरेखा तैयार की है और प्रशिक्षण में इसका प्रयोग किया जा रहा है।

शैक्षिक वित्त एकक : यह विषयगत एकक शिक्षा के वित्तपोषण, योजना तकनीक तथा नीति-निर्धारण के कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों – शिक्षा, साक्षरता तथा प्रौढ़ शिक्षा के औपचारिक तथा अनौपचारिक स्तर पर प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर तथा तकनीकी शिक्षा में सरकारी तथा गैर सरकारी संसाधनों की लामबंदी, संसाधनों का आवंटन तथा उनका उपयोग पर जोर देता है। शिक्षा का सार्वजनिक वित्त पोषण तथा शिक्षा में आंतरिक तथा बाह्य निवेश अनुसंधान तथा प्रशिक्षण के कुछ अन्य महत्वपूर्ण विषय हैं।

शैक्षिक नीति एकक : यह विषयगत एकक केंद्र, राज्य तथा संस्था के स्तर पर शिक्षा के सभी क्षेत्रों, जैसे – विद्यालय, अनौपचारिक, औपचारिक, उच्च, प्रौढ़ तथा दूरवर्ती शिक्षा से संबंधित शैक्षिक नीति, योजना क्रियान्वयन, समीक्षा, अनुश्रवण तथा मूल्यांकन पर बल देता है। यह नीति-निर्माण, क्रियान्वयन, समीक्षा

तथा मूल्यांकन में राष्ट्रीय समर्थन प्रणाली के रूप में कार्य करता है। यह एकक नीति-निर्माताओं, योजनाकारों, प्रशासकों, तथा क्रियान्वयनकर्त्ताओं के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा परामर्श के माध्यम से करता है। इसके अतिरिक्त शोध-कार्य, रोटेशनल हेडशिप, स्व-वित्त पोषित कार्यक्रमों, मानित विश्वविद्यालयों, मानवाधिकरों, महिला अध्ययन इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में परिचर्चा, संगोष्ठी, कार्यशाला तथा परिचर्चा बैठकों को भी आयोजित करता है।

विद्यालय और अनौपचारिक शिक्षा एकक : इस एकक का मुख्य कार्य शिक्षा के विकास और सतत सुधार के लिए विद्यालय शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा और साक्षरता एवं विशेष शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत अनुभवाश्रित आधार प्रदान करना है। इस एकक द्वारा शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में छह माह का डिप्लोमा नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। यह संस्थान का एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। यह एकक प्रादेशिक, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक व्यवस्था के पुनर्गठन तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों के संपर्क में रहता है।

उच्च शिक्षा एकक : इस एकक के प्रमुख कार्य हैं : (अ) उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन में ज्ञान/सूचना का सृजन तथा प्रसार करना; (ब) कॉलेज प्राचार्यों तथा विश्वविद्यालय तथा राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा कार्यशालाओं के माध्यम से योजना तथा प्रबंधन क्षमताओं को विकसित करना; (स) उच्च शिक्षा के क्रियान्वयनकारी संस्थानों, योजना तथा नीति-निर्माण से जुड़ी संस्थाओं को तकनीकी तथा व्यावसायिक सहयोग प्रदान करना।

प्रादेशिक प्रणाली एकक : जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) तथा राज्य शैक्षिक प्रबंधन और प्रशिक्षण संस्थान (सीमैट) के संकाय का क्षमता निर्माण तथा राज्य और जिला स्तर के योजनाकारों और प्रशासकों की विकेंद्रीकृत तथा स्थानीय योजना की क्षमता को सुदृढ़ करना इसका मुख्य कार्य है। डी.पी.ई. पी. कार्यक्रमों में अनुसंधान आधारित हस्तक्षेप तथा केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन, इस एकक के शोध के प्रमुख विषय हैं।

अंतर्राष्ट्रीय एकक : यह एकक नीपा का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र है। यह एकक नियमित रूप से शैक्षिक योजना और प्रशासन में छह माह का अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित करता है। यह संस्थान का एक विशिष्ट कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का लाभ 51 देशों ने उठाया है। इसके अतिरिक्त यह एकक मांग के आधार पर शैक्षिक योजना और प्रबंधन में देश-विशिष्ट कार्यक्रमों को भी आयोजित करता है। शैक्षिक योजना और प्रबंधन में तुलनात्मक अध्ययन इस एकक की एक और विशिष्टता है। यह एकक नीपा के माध्यम से अर्धवार्षिक एंट्रीप (एशियन नेटवर्क आफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशंस इन एजुकेशनल प्लानिंग) पत्रिका भी प्रकाशित करता है। इसका उद्देश्य सदस्य संस्थानों में शैक्षिक योजना और प्रशासन में नवाचार तथा अनुसंधान का प्रसार करना है।

संक्रियात्मक अनुसंधान और प्रणाली प्रबंधन एकक : यह एकक तंत्र प्रबंधन, सूचना प्रणाली, नियंत्रण प्रणाली, शिक्षा में संक्रियात्मक अनुसंधान, योजना निर्माण तथा निर्णय समर्थन प्रणाली प्रबंधन संबंधी मुद्दों और विषयों पर कार्य करता है। यह एकक सूचना प्रणाली की रूपरेखा, विकास तथा क्रियान्वयन के लिये जिला तथा राज्य स्तरीय स्टाफ की कंप्यूटर में क्षमता निर्माण पर विशेष बल देता हैं। यह जिला प्राथमिक शिक्षा परियोजना के लिए तकनीकी तथा व्यावसायिक सहयोग भी प्रदान करता है।

भूमंडलीकरण और शिक्षा की चुनौतियां पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

नीपा पुस्तकालय की एक झलक

अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम के प्रतिभागी

हिंदी पखवाड़ा के समापन के अवसर पर कविगोष्ठी का आयोजन

पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र : नीपा में शैक्षिक योजना और प्रबंधन पर एक विशिष्ट पुस्तकालय है। पुस्तकालय में लगभग 60,000 पुस्तकें हैं और नियमित रूप से 350 भारतीय तथा विदेशी पत्रिकाएं मंगाई जाती हैं। पुस्तकालय कम्प्यूटरीकृत है तथा नेटवर्क से जुड़ा है। पुस्तकालय इंटरनेट, एरिक तथा डेलनेट के माध्यम से संदर्भ-सेवाएं प्रदान करता हैं। यह पुस्तकालय शैक्षिक योजना तथा प्रशासन के क्षेत्र में बहुत ही समृद्ध संदर्भ संसाधन केंद्र है।

प्रलेखन केंद्र में राज्य गजट, राज्य गणना रिपोर्ट, विश्व हस्तपुस्तिकाएं, शैक्षिक सर्वेक्षण पंचवर्षीय योजना इत्यादि की राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की सरकारी रिपोर्टों, प्रलेखों तथा अन्य प्रकाशनों का एक विशिष्ट संग्रह है। शिक्षा पर नवीनतम प्रलेखों के लिए इससे बेहतर कोई विकल्प नहीं है।

प्रकाशन एकक : नीपा का अपना एक प्रयोजनबद्ध प्रकाशन कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य समसामयिक आलेखों, पत्रिकाओं, न्यूजलेटर, पुस्तकों तथा रिपोर्टों के माध्यम से शिक्षा में अनुसंधान तथा विकास का प्रसार करना है। कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन है : जर्नल आफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, परिप्रेक्ष्य, एंट्रीप न्यूजलेटर तथा नीपा न्यूजलेटर। इसने पुस्तक के रूप में कई अनुसंधान, संगोष्ठी तथा सम्मेलन की रिपोर्टें प्रकाशित की हैं। संस्थान विभिन्न राज्यों तथा संघ शासित प्रदेशों पर शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्टों की एक श्रृंखला भी प्रकाशित कर रहा है।

आंकड़ा और शब्द संसाधन एकक : यह एकक संस्थान की सूचना प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं को पूरा करता है। नीपा दैनिक अकादमिक तथा गैर अकादमिक कार्यकलापों को पूर्ण करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का भरपूर प्रयोग करता है। सभी संकाय सदस्यों, प्रशासनिक अनुभागों तथा वित्त अनुभागों और पुस्तकालय के पास ई-मेल तथा इंटरनेट सुविधा के साथ नवीनतम कंप्यूटर हैं। यह एकक कंप्यूटर अनुप्रयोग के प्रति जागरूकता लाने में योगदान करता है तथा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए बोधगम्य मॉड्यूल तैयार करता है।

हिंदी कक्ष : यह कक्ष शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में व्यावसायिक प्रकाशनों के अनुवाद के माध्यम से अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा प्रसार में अकादमिक सहायता प्रदान करता है। यह कक्ष राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में भी प्रशासन और संकाय को सहयोग देता है।

मानचित्रण कक्ष : यह कक्ष मानचित्रों, ग्राफ, चार्टों, तालिकाओं तथा ट्रान्सपेरीन्सीज के माध्यम से सूचना और आंकड़ों के नवाचारी प्रस्तुतिकरण द्वारा अनुसंधान और प्रसार हेतु कंप्यूटरीकृत मानचित्रण सेवाएं प्रदान करता है।

प्रशासन और वित्त

प्रशासन : प्रशासनिक व्यवस्था में सामान्य अकादमिक और कार्मिक प्रशासन आते है। 31 मार्च, 2002 तक अकादमिक और प्रशासनिक, दोनों प्रकार के कार्मिकों संस्थान की कुल स्वीकृत स्टाफ सदस्य संख्या 181 थी। इनके अलावा विभिन्न परियोजनाओं में उनकी अपनी-अपनी अवधियों तक के लिए नियुक्त 27 परियोजनाकर्मी भी थे।

वित्त : इस साल संस्थान को कुल 430.00 लाख रुपये का अनुदान मिला (गैर-योजना मद में 210.00 लाख रुपये और योजना मद में 220.00 लाख रु.)। साल के आरंभ में संस्थान के पास योजना और गैर-योजना, दोनों मदों में 0.085 लाख रुपये शेष थे। साल के दौरान कार्यालय और छात्रावास से 69.95 लाख रुपए की प्राप्ति हुई। योजना और गैर-योजना मदों में इस साल का व्यय 490.00 लाख रुपये था।

दूसरे संगठनों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों की मद में इस साल के दौरान संस्थान के पास 144.36 लाख रुपये थे और 144.98 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्ति हुई। प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों पर साल में कुल 149.39 लाख रुपये खर्च किए गए।

परिसर की सुविधाएं : संस्थान के पास एक चार-मंजिला कार्यालय, व सुसज्जित व स्नानाघरयुक्त 60 कमरों वाला एक सात मंजिला छात्रावास और एक आवास-क्षेत्र है। इस आवास क्षेत्र में टाइप I के 16, टाइप II से V तक के 8-8 क्वार्टर और एक निदेशक आवास हैं। संस्थान ने हाल ही में डी.डी.ए. से 25 विस्तारयोग्य घर खरीदे हैं। छात्रावास को वर्ष के दौरान 13.42 लाख रुपये की प्राप्ति हुई।

अध्याय 2

प्रशिक्षण

प्रशिक्षण, संस्थान के मुख्य कार्यकलापों में से एक है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में संलग्न विभिन्न राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के अधिकारियों तथा विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रशासकों के लिये राष्ट्रीय डिप्लोमा, अभिविन्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, संगोष्ठी तथा सम्मेलन इत्यादि आयोजित किये। संस्थान ने विकासशील देशों के शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिये अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम भी आयोजित किया।

दृष्टिकोण और मुख्य बल

प्रशिक्षण के कार्यक्रमों की रूपरेखा क्षेत्र के नए विकासक्रमों से उत्पन्न आवश्यकताओं के अनुसार बनाई जाती है। कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाते समय भागीदारों और निर्णयकर्ताओं द्वारा पहचानी गई प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं पर भी विचार किया जाता है। कार्यक्रमों का आयोजन करते समय पिछले भागीदारों द्वारा दिए गए सुझावों को भी ध्यान में रखा जाता है। कार्यक्रमों के ब्यौरों पर विचार-विमर्श के लिए कार्यबल गठित किए जाते हैं।

इसके अलावा, संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सूची बनाते समय प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जाता है। जैसे विद्यालय प्रधानाध्यापकों के प्रशिक्षण की योजना और प्रबंधन, माध्यमिक शिक्षा की योजना और प्रबंधन, सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय योजना की विधि और तकनीक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों/जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों की योजना और प्रबंधन, शिक्षा में मात्रात्मक शोध की तकनीक, प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की योजना और प्रबंधन और शिक्षा में कंप्यूटर की भूमिका आदि। डी.पी.ई.पी. जिलों में कार्यरत कार्मिकों के लिए संस्थान ने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

संस्थान विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से विकासशील देशों के शिक्षाकार्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का आयोजन करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी केंद्रीय भूमिका निभाता आ रहा है।

संस्थान समकालीन आवश्यकता के अनुसार धीरे-धीरे अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण पर तथा राज्य और क्षेत्र स्तर की संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के शिक्षाशास्त्र विभागों से नेटवर्किंग पर जोर दे रहा है।

प्रशिक्षण सामग्री

नीपा का संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अनुसंधान पर आधारित सामग्रियों की तैयारी में सक्रिय रहा है। कार्यक्रमों के दौरान यह सामग्री भागीदारों के लिए बुनियादी लेखों का काम करती है। इन सामग्रियों के साथ संबंधित विषयों पर प्रकाशित साहित्य भी दिया जाता है।

मूल्यांकन

प्रशिक्षण के हर कार्यक्रम का औपचारिक मूल्यांकन किया जाता है। इसका पहला चरण हर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में आता है जब एक संरचनाबद्ध प्रपत्र पर हर भागीदार से कार्यक्रम का मूल्यांकन करने को कहा जाता है। लंबी अवधि के कार्यक्रमों में इस मूल्यांकन से पहले एक या दो मध्यावधि मूल्यांकन किए जाते हैं।

भागीदारी

वर्ष 2001-2002 में संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुल 53 प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/सम्मेलनों और डिप्लोमा कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में कुल 1560 व्यक्तियों ने भाग लिया। इनमें से 1452 भागीदार राष्ट्रीय और 108 भागीदार अंतर्राष्ट्रीय थे। 2001-2002 में आयोजित कार्यक्रमों की सूची अनुलग्नक-1 में दी गई हैं।

इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम दो प्रकार के थे : (अ) डिप्लोमा कार्यक्रम और (ब) शैक्षिक योजना और प्रशासन पर सामान्य या विषयवार कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर संक्षिप्त अवधि के विषय केंद्रित कार्यक्रम। संस्थान द्वारा आयोजित श्रेणीवार कार्यक्रम तालिका-I में दिए गए हैं।

तालिका I

2001-2002 में संस्थान द्वारा आयोजित श्रेणीवार कार्यक्रम

कार्यक्रमों की श्रेणी	*कार्यक्रमों की संख्या*	*अवधि (दिन)*	*भागीदारों की संख्या*
डिप्लोमा कार्यक्रम			
(अ) राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम*	2	186	46
(ब) अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम*	2	180	47
शैक्षिक योजना और प्रशासन पर विषयवार कार्यक्रम			
विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए योजना और प्रबंध में प्रशिक्षण	6	24	235
उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन	12	20	487
विद्यालय मानचित्रण और व्यष्टि स्तरीय योजना	2	10	91
शैक्षिक वित्त की योजना और प्रबंधन	3	11	74

क्रमश:

जि.शि.प्र.सं. और राज्य शै.अ.प्र.प. की योजना और प्रबंधन	3	19	60
शैक्षिक योजना में मात्रात्मक अनुसंधान की विधियां	2	22	23
डाइट और विद्यालय पुस्तकालयों की योजना और प्रबंधन	2	12	54
डाइस/ई.एम.आई.एस./डी.पी.ई.पी. कार्यक्रम	8	21	126
आईडेपा के अलावा अन्य अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम	4	35	72
अन्य कार्यक्रम	7	21	245
योग	**53**	**561**	**1560**

*इस सूची में पहले से जारी दो कार्यक्रम (एक राष्ट्रीय और एक अन्तर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम) शामिल हैं।

संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में देश के लगभग सभी राज्यों और संघीय क्षेत्रों (चंडीगढ़, दादरा और नागर हवेली तथा लक्षद्वीप को छोड़कर) ने भाग लिया। राज्यवार भागीदारी तालिका-II में दिखाई गई है।

तालिका II
राज्यवार भागीदारी

क्रम संख्या	*राज्य/संघीय क्षेत्र*	*भागीदारों की संख्या*
1.	आंध्रप्रदेश*	128
2.	अरुणाचल प्रदेश*	6
3.	असम*	101
4.	बिहार*	19
5.	छत्तीसगढ़*	6
6.	गोवा	1
7.	गुजरात	24
8.	हरियाणा	20
9.	हिमाचल प्रदेश	26
10.	जम्मू-कश्मीर*	19
11.	झारखंड*	5
12.	कर्नाटक	174
13.	केरल	17
14.	मध्यप्रदेश*	14
15.	महाराष्ट्र	64
16.	मणिपुर	10

क्रमशः

17.	मेघालय	11
18.	मिजोरम	5
19.	नागालैंड	4
20.	उड़ीसा*	17
21.	पंजाब	24
22.	राजस्थान*	18
23.	सिक्किम	8
24.	तमिलनाडु	47
25.	त्रिपुरा	-
26.	उत्तरांचल*	105
27.	उत्तरप्रदेश*	50
28.	पश्चिम बंगाल*	26
29.	अंडमान-निकोबार द्वीप समूह	3
30.	चंडीगढ़	-
31.	दादरा व नागर हवेली	1
32.	दमन और दीव	-
33.	दिल्ली	66
34.	लक्षद्वीप	2
35.	पांडिचेरी	10
36.	भारत सरकार व अन्य संगठन	421
योग		**1452**

* शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रदेश

लगभग 35.39 प्रतिशत भागीदार शैक्षिक रूप से पिछड़े दस राज्यों से आए : आंध्रप्रदेश (128), अरुणाचल प्रदेश (6), असम (101), बिहार, झारखंड सहित (24), जम्मू-कश्मीर (19), मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित (20), उड़ीसा, (17), राजस्थान, (18), उत्तरप्रदेश, उत्तरांचल सहित (155) और पश्चिम बंगाल (26)।

भागीदारी का प्रकार और स्तर : विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारों का स्तरों के आधार पर एक मिला-जुला समूह था। इनमें राज्यों, संघ क्षेत्रों, शिक्षा निदेशालयों, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम राज्यों और मंडलीय तथा जिला स्तर के कार्मिक और विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों जैसे संस्था-प्रमुख शामिल थे; इसी तरह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालयों के प्राचार्यों और विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ प्रशासकों ने भी भाग लिया। प्रकार और स्तर के अनुसार भागीदारों के ब्यौरे तालिका-III में देखे जा सकते हैं :

श्रेणीवार कार्यक्रम और भागीदारी
500
200
100
0
कार्यक्रमों की संख्या
भागीदारों की संख्या
राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम
अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम
विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए योजना और प्रबंध के प्रशिक्षण
उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन
विद्यालय मानचित्रण और व्यष्टि स्तरीय योजना
शैक्षिक वित्त की योजना और प्रबंधन
जि.शि.प्र.सं. और राज्य शै.अ.प्र.प. की योजना और प्रबंधन
शैक्षिक योजना में मात्रात्मक अनुसंधान की विधियां
डाइट और विद्यालय पुस्तकालयों की योजना और प्रबंधन
डाइस/ई.एम.आई.एस./डी.पी.ई.पी.कार्यक्रम
आईईपी के अलावा अन्य अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम
अन्य कार्यक्रम
डिप्लोमा कार्यक्रम
शैक्षिक योजना और प्रशासन पर विषयवार कार्यक्रम


भारत
क्षेत्रीय और राज्यीय भागीदारी
2001-2002
जम्मू-कश्मीर
19
हिमाचल प्रदेश
26
पंजाब
24
चंडीगढ़
105
उत्तरांचल
हरियाणा
20
दिल्ली
66
राजस्थान
18
उत्तरप्रदेश
50
सिक्किम
8
अरुणाचल प्रदेश
6
असम
101
नागालैंड
4
बिहार
19
मेघालय
11
मणिपुर
10
त्रिपुरा
5
मिजोरम
झारखंड
5
पश्चिम बंगाल
26
गुजरात
24
मध्य प्रदेश
14
छत्तीसगढ़
6
उड़ीसा
17
दमन और दीव
1
दादरा व नागर हवेली
महाराष्ट्र
24
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
आंध्रप्रदेश
128
गोवा
1
कर्नाटक
174
पांडिचेरी
10
तमिलनाडु
47
केरल
17
लक्षद्वीप
2
क्षेत्रीय भागीदारी
378
328
215
210
दक्षिणी क्षेत्र
उत्तरी क्षेत्र
पूर्वी क्षेत्र
पश्चिमी क्षेत्र
अंडमान-निकोबार द्वीप समूह
इंदिरा प्वाइंट
हिंद
महासागर

तालिका III

2001-2002 में आयोजित अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं संगोष्ठियों और सम्मेलनों आदि में स्तरवार भागीदारी

स्तर	*भागीदारों की संख्या*
विद्यालयों के प्रधानाध्यापक	219
जिला शिक्षा अधिकारी	29
परीक्षा बोर्ड	26
जि.शि.प्र. संस्थानों/राज्य शै.अ.प्र.प. के कार्मिक	145
जि.प्रा.शि.का. के कार्मिक	120
विद्यालय और जिला स्तरीय पुस्तकालयाध्यक्ष	54
वरिष्ठ शैक्षिक प्रशासक	324
महाविद्यालयों के प्राचार्य	40
विश्वविद्यालयों के प्रशासक/वरिष्ठ अकादमिक सदस्य	197
अन्य	298
योग	**1452**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर

इस वर्ष संस्थान ने 2 डिप्लोमा कार्यक्रम जिनमें एक पहले से चल रहा था, तथा एक श्रीलंका के वरिष्ठ शिक्षाविदों के लिए आयोजित किये। इन दोनों डिप्लोमा कार्यक्रमों में विकासशील और अन्य देशों के 95 शैक्षिक योजनाकार और प्रशासक शामिल हुए। उपर्युक्त के अलावा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों के 11 विशेषज्ञ और आस्ट्रेलिया उच्चायुक्त के एक अधिकारी ने भी राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। देशवार भागीदारी संबंधी विवरण तालिका IV में प्रस्तुत है।

क्षेत्रवार और विषयवार कार्यक्रम

संस्थान ने चार डिप्लोमा कार्यक्रमों - 2 राष्ट्रीय और 2 अंतर्राष्ट्रीय(इन दोनों में से एक-एक डिप्लोमा कार्यक्रम पिछले वर्ष से चल रहे थे), 20 प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों, 14 कार्यशालाओं, 5 संगोष्ठियों, 1 सम्मेलन और 9 बैठकों का आयोजन किया।

शैक्षिक योजना और प्रशासन में राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम (डिपा) : वर्ष 2000-2001 में संस्थान ने 21वें डिप्लोमा कार्यक्रम का दूसरा और तीसरा चरण पूरा किया। इस कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 नवम्बर, 2000 में शुरू हुआ था। इसके दूसरे और तीसरे चरण क्रमश: 1 फरवरी - 30 अप्रैल 2001 और 17-21 जुलाई 2001 के दौरान संचालित किए गए।

तालिका IV

2001-2002 में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी

देश का नाम	*भागीदारों की संख्या*	*देश का नाम*	*भागीदारों की संख्या*
1. आस्ट्रेलिया उच्चायुक्त	1	23. नामीबिया गणराज्य	1
2. बांग्लादेश	2	24. नेपाल	3
3. भूटान	11	25. नाइजर	1
4. बोत्सवाना	1	26. ओमान	1
5. कंबोडिया	2	27. पाकिस्तान	1
6. चीन	1	28. पनामा	1
7. अल साल्वाडोर	1	29. पपुआ न्यू गुयना	2
8. एरीट्रिया	6	30. फिलीपाइंस	1
9. इस्टोनिया	1	31. सेशल्स	1
10. इथोपिया	1	32. श्रीलंका	28
11. घाना	1	33. टोंगा	1
12. गुयाना	2	34. ब्रिटेन	2
13. ईरान	1	35. जाम्बिया गणराज्य	2
14. इराक	1	36. जिम्बाम्वे	1
15. आइवरी कोस्ट	1	**अंतर्राष्ट्रीय अभिकरण**	
16. जार्डन	1	1. अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान	1
17. किर्गीस्तान	2	2. यूरोपियन इकानमिक यूनियन	1
18. लाओ गणराज्य	1	3. (आई.आई.ई.पी.)	1
19. मलेशिया	1	4. प्रॉप (PROAP)	1
20. मालदीव	2	5. यूनेस्को	4
21. मारीशस	5	6. यू एन डी पी	1
22. म्यांमार	6	7. विश्व बैंक	2
		योग	**108**

22वां डिप्लोमा कार्यक्रम का पहला चरण नवंबर, 2001 में प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के तीन घटक थे : (i) नीपा में 1 नवंबर 2001 से 31 जनवरी, 2002 के दौरान तीन महीने का सघन पाठ्यचर्या कार्य, (ii) प्रशिक्षणार्थी के पदस्थापित क्षेत्र में 1 फरवरी से 30 अप्रैल 2002 के दौरान तीन महीने का परियोजना कार्य, (iii) परियोजना कार्य की रिपोर्टों पर नीपा में 15-19 जुलाई, 2002 के दौरान पांच दिवसीय कार्यशाला। यह कार्यक्रम व्याख्यान, परिचर्चा, परिसंवाद, केस अध्ययन, समेकित विधि, अभिप्रेरणात्मक


स्तरवार भागीदारी
परीक्षा बोर्ड 26
जिला शिक्षा अधिकारी 29
महाविद्यालयों के प्रचार्य 40
विद्यालय और जिला
स्तरीय पुस्तकालयाध्यक्ष 54
जि.प्रा.शि.का. कार्मिक 120
जि.शि.प्र.संस्थानों/
राज्य शै.अ.प्र.प.
के कार्मिक 145
विश्वविद्यालयों के प्रशासक/
वरिष्ठ अकादमिक सदस्य 197
वरिष्ठ शैक्षक प्रशासक 324
अन्य 298
विद्यालयों के प्रधानाध्यपक 219

अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी: 2001-2002



भूमिका, बास्केट विधि में भूमिका निर्वहन और निर्धारित विषयों पर परिचर्चा पर आधारित था। इसके अलावा व्यावहारिक कार्याभ्यास, पुस्तकालय आधारित कार्य और दिल्ली में तथा दिल्ली के बाहर कुछ महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के अध्ययन दौरों के लिए भी पर्याप्त समय दिया गया। प्रत्येक प्रतिभागी को कार्य प्रशिक्षण भी दिया गया जिसके अंतर्गत प्रतिभागी को अपने पदस्थापित क्षेत्र में 3 माह का परियोजना अध्ययन करना था। परियोजना अध्ययन कार्य का निर्देशन भी किया गया। प्रतिभागी को अपनी परियोजना रिपोर्ट का सारांश भी प्रस्तुत करना था। जो प्रतिभागी निर्धारित समय सीमा के अंदर परियोजना रिपोर्ट जमा नहीं करते हैं उन्हें तीसरे चरण के लिए आंमंत्रित नहीं किया जाता है।

पाठ्यचर्या में भागीदारों द्वारा बीच में कार्यक्रम के मूल्यांकन का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त प्रथम चरण के अंत में कार्यक्रम का वृहद मूल्यांकन किया जाता है। भागीदारों का मानना था कि कार्यक्रम का उद्देश्य सिद्ध हो रहा है। इसके अतिरिक्त भागीदारों ने कार्यक्रम के लिए आधारभूत सुविधाओं, पाठ्यचर्या के क्रय आदि, को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

पाठ्यचर्या के एक भाग के रूप में प्रशिक्षणार्थियों के लिए गुजरात का अध्ययन दौरा भी आयोजित किया गया ताकि वे राज्य में चलाए जा रहे शैक्षिक नवाचारों और गतिविधियों से अवगत हो सकें। गुजरात के अध्ययन दौरे के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने अनेक शैक्षिक संस्थानों, जैसे– डाइट, गांधीनगर और सुरेंद्र नगर जिले के अनेक प्राथमिक विद्यालयों का दौरा किया जहां के कई गावों के विद्यालय भवन भूकंप में गिर गए थे। ऐतिहासिक स्थल साबरमती जहां से महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई का बिगुल बजाया था का दौरा आयोजित किया गया। इसके अलावा अध्ययन दौरे के प्रमुख संस्थान थे : डाइट अहमदाबाद,पर्यावरण शिक्षा केंद्र, गुजरात शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, भारतीय प्रबंध संस्थान का रवि मथाई केंद्र, अहमदाबाद, खेरा जिला दुग्ध उत्पादक यूनियन लिमिटेड, वुची ग्राम विद्यालय, राजपिपला, साधुभाई पुरुनी भौतिक शिक्षा कालेज और एम. एस. विश्वविद्यालय, बड़ौदा का उच्च शिक्षा अध्ययन केंद्र। इसके अलावा प्रशिक्षणार्थियों ने राजस्थान के कोटपुतली ब्लाक का दौरा किया। प्रतिभागियों ने नीपा के आस-पास के प्रमुख संस्थानों, जैसे - केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्यौगिकी संस्थान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद तथा दीपालय सोसायटी के कुछ विद्यालयों के दौरे भी किए।

इन दोनों कार्यक्रमों में कुल 46 भागीदार शामिल हुए। राज्यवार भागीदारी तालिका V में दर्शाई गई है।

तालिका V

21वें और 22वें डिप्लोमा कार्यक्रमों में राज्यवार भागीदारी

राज्य	*21वां डिप्लोमा*	*22वां डिप्लोमा*	*योग*
आंध्रप्रदेश	1	1	2
अरुणाचल प्रदेश	2	-	2
असम	5	1	6
गुजरात	1	1	2
हिमाचल प्रदेश	2	2	4

क्रमशः

जम्मू-कश्मीर	2	2	4
कर्नाटक	2	1	3
केरल	-	2	2
मध्यप्रदेश	1	-	1
मणिपुर	1	2	3
उड़ीसा	1	-	1
तमिलनाडु	-	4	4
उत्तरांचल	-	4	4
उत्तर प्रदेश	2	1	3
दिल्ली	1	4	5
योग	**21**	**25**	**46**

शैक्षिक योजना और प्रशासन में अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा (आई-डेपा) : नीपा में 1985 से हर वर्ष विकासशील देशों के शिक्षाकर्मियों के लिए शैक्षिक योजना और प्रशासन में छः माह का एक अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 17 वां आई-डेपा कार्यक्रम 1 फरवरी, 2001 को शुरू होकर 31 जुलाई, 2001 को पूरा हुआ। 18वां आई-डेपा कार्यक्रम 1 फरवरी, 2002 को शुरू हुआ।

तालिका VI

17वें और 18वें अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों में देशवार भागीदारी

देश का नाम	*17वां डिप्लोमा*	*18वां डिप्लोमा*	*योग*
1. बांग्लादेश	1	-	1
2. भूटान	-	1	1
3. बोत्सवाना	1	-	1
4. कंबोडिया	1	1	2
5. एल सलवाडोर	1	-	1
6. एरीट्रिया	6	1	7
7. इस्टोनिया	1	-	1
8. घाना	1	-	1
9. गुयाना	1	1	2
10. ईरान	1	-	1
11. इराक	1	-	1
12. आइवरी कोस्ट	1	-	1

क्रमशः

13. जार्डन	1	–	1
14. कजाकिस्तान	-	2	2
15. लाओ गणराज्य	-	1	1
16. मलेशिया	1	-	1
17. मारीशस	2	3	5
18. म्यांमार	4	2	6
19. नामीबिया	-	1	1
20. नाइजर	1	-	1
21. ओमान	-	1	1
22. पनामा	1	-	1
23. पपुआ न्यू गुयाना	-	2	2
24. फिलीपाइंस	1	-	1
25. सेशल्स	-	1	1
26. टोंगा	-	1	1
27. जांबिया (गणराज्य)	-	2	2
28. जिम्बाबवे	1	-	1
योग	**28**	**19**	**47**

पाठ्यक्रम की संरचना के दो प्रमुख घटक थे : (अ) पहला चरण जो नीपा में तीन माह के गहन पाठ्यचर्यात्मक कार्य पर आधारित था, और (ब) भागीदार के अपने प्रयास से उसी के देश में तीन माह की क्षेत्र अनुसंधान परियोजना। कार्यक्रम के पद्धतिशास्त्र में सिद्धांत और व्यवहार के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। इसमें मोटे तौर पर व्याख्या और विचार-विमर्श, अनुकरण और व्यावहारिक कार्य, भूमिका निर्वाह, केसों पर बहस, प्रबंध कार्याभ्यास, खोजी सम्मेलन, प्रदर्शन और सामूहिक विचार-विमर्श शामिल हैं। इसके अलावा भागीदारों को प्रोत्साहन देने के लिए पैनल विचार-विमर्श और भागीदारों की संगोष्ठियां इस पाठ्यक्रम की पद्धति की प्रमुख विशेषताएं हैं। कार्यक्रम में व्यष्टिगत स्तर पर अकादमिक कार्यों, शैक्षिक/सांस्कृतिक क्षेत्र-भ्रमण, शैक्षिक संबद्धताओं और समृद्धकारी व्याख्यानों पर भी जोर दिया जाता है। पूरे कार्यक्रम में अन्य प्रमुख क्षेत्रों के अलावा, व्यष्टिगत स्तर पर क्षेत्रीय शैक्षिक संबद्धताएं आई-डेपा के भागीदारों के कार्यों का एक प्रमुख घटक है। इन संबद्धताओं में दिल्ली और दिल्ली के बाहर की उच्च स्तरीय संस्थाओं के दौरे और उनसे संबद्धता शामिल थे। इस वर्ष क्षेत्रीय संबद्धता के अंतर्गत राजस्थान और महाराष्ट्र के विभिन्न शिक्षा संस्थानों के दौरे किए गए। ऐसे हर दौरे के बाद पहले से मनोनीत एक भागीदार/क्षेत्र सलाहकार ने एक संस्था विशेष को शैक्षिक भ्रमण पर एक रिपोर्ट पेश की।

17 वें और 18 वें अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों में विकासशील देशों से कुल 47 भागीदार शामिल हुए। देशवार भागीदार तालिका VI में दिखाई गई है।

विद्यालय-प्रमुखों के प्रशिक्षण की योजना और प्रबंधन

नीपा ने विद्यालय प्रमुखों के प्रशिक्षण की योजना और प्रबंधन पर तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक कार्यशाला तथा एक बैठक आयोजित की। इन कार्यक्रमों में 235 विद्यालय प्रमुखों तथा अन्य अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन

नीपा ने उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन के क्षेत्र में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम, दो कार्यशालाएं, दो संगोष्ठियां, एक सम्मेलन तथा छह राष्ट्रीय स्तर की बैठकें आयोजित की। इन कार्यक्रमों में उच्च शिक्षा के 487 विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।

विद्यालय मानचित्रण और व्यष्टिस्तरीय योजना

समीक्षाधीन वर्ष में नीपा ने विद्यालय मानचित्रण और व्यष्टिस्तरीय योजना पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें राज्य, केन्द्रीय तथा जिला स्तर के 91 अधिकारी शामिल हुए।

शैक्षिक वित्त की योजना तथा प्रबंधन

शैक्षिक वित्त की योजना तथा प्रबंधन के क्षेत्र में नीपा ने एक कार्यशाला तथा दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें 74 भागीदारों ने प्रतिभाग किया।

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों और राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों की योजना और प्रबंधन

नीपा ने जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की योजना और प्रबंधन पर दो अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम, तथा एक बैठक आयोजित की। इन कार्यक्रमों में जि. शि.प्र.सं. तथा रा.शै.अ.प्र.प. के 60 अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

शिक्षा में मात्रात्मक शोध की विधियां

नीपा ने शिक्षा में मात्रात्मक शोध की विधि पर दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें 23 अधिकारी शामिल हुए।

विद्यालय तथा डाइट पुस्तकालयों की योजना तथा प्रबंधन

नीपा ने विद्यालय तथा डाइट पुस्तकालयों की योजना तथा प्रबंधन में दो अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें उत्तरांचल के 54 पुस्तकालयाध्यक्षों ने भाग लिया।

डाइस / ई.एम.आई.एस. / डी.पी.ई.पी.कार्यक्रम

नीपा ने डाइस/ई.एम.आई.एस./डी.पी.ई.पी. पर सात कार्यशालाएं और एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जिनमें 126 भागीदार शामिल हुए।

आइडेपा के अतिरिक्त अन्य दूसरे अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

नीपा ने भूटान सरकार के अधिकारियों के लिये ई.सी.सी.ई. पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु शैशवकालीन शिक्षा नीति तथा योजना पर प्रशिक्षण माड्यूल के विकास हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। श्रीलंका के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों तथा शिक्षा अधिकारियों के लिए विद्यालय पर्यवेक्षण तथा प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नीपा ने आई. आई. ई. पी. तथा यूनेस्को, पेरिस के सहयोग से दक्षिण एशिया में सबके लिए शिक्षा की योजना तथा अनुश्रवण पर यूनेस्को की उप क्षेत्रीय अभिविन्यास कार्यक्रम तथा कार्यशाला आयोजित की। इसके अतिरिक्त राष्ट्रमंडल अध्ययन संस्थान के सहयोग से एक अंतर्राष्ट्रीय परामर्श बैठक आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों में भारत सहित विदेश के 72 अधिकारियों ने भाग लिया।

अन्य कार्यक्रम

नीपा ने निम्नांकित विषयों पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए : विशेष शिक्षा की योजना तथा प्रबंधन, शैक्षिक प्रशासकों के अभिविन्यास के लिए क्षेत्रों की पहचान करना; परियोजना की योजना तथा अनुश्रवण व्यवस्था पर प्रशिक्षण कार्यक्रम; भारत में साक्षरता विकास और जनगणना - 2001 पर संगोष्ठी; विकेंद्रीकरण की नीति और उसके प्रभाव पर कार्यशाला; प्राथमिक शिक्षा में अर्द्ध-शिक्षक - समीक्षा तथा अनुभव पर राष्ट्रीय सम्मेलन; प्रारंभिक शिक्षा की योजना के संकेतकों के प्रयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम। इन कार्यक्रमों में ज़िला, राज्य, राष्ट्र स्तर, तथा विश्वविद्यालयों के कार्मिकों व गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों समेत 245 विशेषज्ञों ने भाग लिया।

अध्याय 3

अनुसंधान

अनुसंधान

नीपा शैक्षिक योजना और प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान अध्ययन को संचालित करने, सहायता देने, प्रोत्साहन देने और उसका समन्वय करने संबंधी कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न है। संस्थन में अनुसंधान की प्रकृति बहुशास्त्रीय होती है और इसमें शैक्षिक योजना और प्रशासन के सिद्धांतों, नीतियों, प्रासंगिक विधियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं पर विशेष बल दिया जाता है।

नीपा द्वारा संकाय को शोध परियोजनाओं के लिए धन देकर, दूसरे संगठनों से शोध परियोजनाएं लेकर तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में शोध के लिए विशेषज्ञों और संस्थाओं को वित्तीय सहायता देकर अनुसंधान को प्रोत्साहन दिया जाता है।

नीपा द्वारा आयोजित और सहायता प्राप्त अनुसंधान में सैद्धांतिक और अनुभवाश्रित मुद्दों का समन्वय होता है। संस्थान के शोधकार्यों, नीतियों और योजनाओं के निरूपण के लिए निरंतर ठोस अनुभवाश्रित और वैश्लेषणिक आधार तैयार करने के प्रयास किए जाते हैं। प्रशिक्षण संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के लिए भी महत्वपूर्ण सामग्री प्रदान की जाती है।

पूरे किये गये अध्ययन

1. भारत में माध्यमिक शिक्षा का विधिक प्रबंधन : प्रो. बी.पी. खण्डेलवाल
2. राज्यों में शिक्षा अनुदान के अधिनियम और विद्यालयों के कार्यनिष्पादन : माध्यमिक स्तर पर गुणवत्ता सुधार कार्यनीतियों का विकास, डा. (श्रीमती) सुदेश मुखोपाध्याय
3. जिला स्तर पर अनौपचारिक शिक्षा की योजना और आकलन की वर्तमान कार्यविधि की प्रासंगिकता और स्वीकार्यता का पता लगाने के लिए यूनेस्को, पेरिस समर्थित अध्ययन, डा. वाई पी अग्रवाल
4. यूनेस्को प्रायोजित अध्ययन- भारत के लिए समान संयुक्त राष्ट्र आंकड़ाआधार का अद्यतन, डा. अरुण सी. मेहता
5. माध्यमिक शिक्षा का वित्त पोषण : सहायता अनुदान नीति - नौ राज्यों का अध्ययन, डा. जे. बी. जी. तिलक
6. अध्यापक संबंधी मुद्दों और चुनौतियों का प्रबंधन - कर्नाटक और मध्यप्रदेश का तुलनात्मक अध्ययन, डा. बी. के. पांडा

7. युनेस्को प्रायोजित अध्ययन— जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (चरण- III) - कार्य योजना-2001-02 डा. वाई.पी. अग्रवाल

8. यूनेस्को प्रायोजित अध्ययन—भारत में प्रारंभिक शिक्षा के लिए ई. एम. आई. एस. का मजबूतीकरण, डा. वाई.पी. अग्रवाल

9. अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक योजना संस्थान द्वारा प्रायोजित अध्ययन— मुबई महानगर में सबके लिए प्राथमिक शिक्षा : स्थानीय कार्यकर्ताओं की चुनौतियां , डा.(श्रीमती) नलिनी जुनेजा

10. प्राथमिक विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय क्षमता निर्माण पर पुस्तिका की तैयारी, यूनेस्को प्रायोजित, डा. (श्रीमती) सुदेश मुखोपाध्याय (यूनेस्को द्वारा प्रायोजित)

11. ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण माड्यूलों की विषयवस्तु का विश्लेषण : सात डी. पी. ई. पी राज्यों का तुलनात्मक अध्ययन, डा. (श्रीमती) प्रमिला मेनन

12. उत्तरांचल के बेसिक शिक्षा अधिकारियों और डाइट प्राचार्यों के शैक्षिक योजना और प्रबंधन संबधी कार्यकलापों का निदानात्मक अध्ययन, डा. आर. एस. त्यागी

13. इंदौर और नागपुर महानगरों में प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की लक्ष्य प्राप्ति की कार्यनीतियों का अध्ययन, डा. (श्रीमती)नलिनी जुनेजा

14. .माध्यमिक शिक्षा की योजना और प्रबंधन : आवश्यकता आकलन पर एक शोध परियोजना अध्ययन, डा. (श्रीमती) सुदेश मुखोपाध्याय

जारी/स्वीकृत अध्ययन

1. आई.आई.ई.पी., नीपा अध्ययन, भारत में माध्यमिक शिक्षा : माध्यमिक शिक्षा कार्यप्रणाली और कार्यकलाप, डा. (सुश्री) के. सुजाता, वरिष्ठ अध्येता

2. भारत में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी पहल और भूमिका एवं गैर-सरकारी संगठनों का योगदान, डा. (श्रीमती) सुदेश मुखोपाध्याय

3. 'थारू' बच्चों की शिक्षा के कुछ मनोवैज्ञानिक आयाम, डा. आर. सी. मिश्रा, मनोविज्ञान विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी

अध्याय 4

प्रकाशन

नीपा में समसामयिक आलेखों, जर्नलों, न्यूजलेटरों, पुस्तकों और रिपोर्टों के माध्यम से शिक्षा के शोध और विकास के प्रचार-प्रसार के लिए एक सुनियोजित प्रकाशन कार्यक्रम है। संस्थान की कुछ पत्रिकाएं हैं — जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (अंग्रेजी), परिप्रेक्ष्य (हिंदी) और एंट्रीप न्यूज लेटर। संस्थान ने अनेक शोध और संगोष्ठियों/सम्मेलनों की रिपोर्टें पुस्तकाकार में प्रकाशित की हैं। पिछले वर्ष से 'बैस्ट प्रैक्टिसेज इन हायर एजुकेशन' पर शृंखला का प्रकाशन आरंभ किया गया है। संस्थान विभिन्न राज्यों और संघीय क्षेत्रों के शैक्षिक प्रशासन पर सर्वेक्षण रिपोर्टों की एक शृंखला प्रकाशित कर रहा है।

डी.टी.पी. सुविधाएं

संस्थान के डी.टी.पी. कार्य निष्पादन हेतु प्रकाशन एकक के पास डी.टी.पी. कार्य के लिए नवीनतम कंप्यूटर तथा प्रिंटर उपलब्ध हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान संस्थान ने निम्नांकित प्रकाशन प्रकाशित किए :

नीपा न्यूजलेटर

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान नीपा न्यूजलेटर के दो अंक - अप्रैल-जून, 2001 तथा जुलाई-सितंबर, 2001 प्रकाशित किए गए।

एंट्रीप न्यूजलेटर

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एंट्रीप (एशियन नेटवर्क ऑफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूशंस इन एजुकेशनल प्लानिंग) न्यूजलेटर के दो अंक - जनवरी-जून, 2001 तथा जुलाई-दिसंबर, 2001 प्रकाशित हुए।

जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन

संस्थान जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन अंग्रेजी पत्रिका का नियमित रूप से प्रकाशन कर रहा है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान जर्नल के पांच अंक प्रकाशित किए गए :

जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (समूल्य) : जिल्द XIV, अंक 4, अक्तूबर, 2000; जिल्द XV, अंक 1 जनवरी, 2001; जिल्द XV, अंक 2, अप्रैल, 2001 तथा जिल्द XV, अंक 3, जुलाई, 2001 तथा जिल्द XV अंक 4, अक्तूबर, 2001

परिप्रेक्ष्य

संस्थान हिंदी जर्नल 'परिप्रेक्ष्य' का भी प्रकाशित करता है तथा समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत परिप्रेक्ष्य के तीन अंक निकाले गए। जिल्द VII, अंक 1 तथा 2, अप्रैल-अगस्त, 2000 तथा जिल्द VII अंक 3, दिसंबर, 2000

समसामयिक आलेख

यह संस्थान द्वारा शोध आलेखों पर प्रकाशित की जाने वाली एक शृंखला है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दो आलेख - *एजुकेशन फॉर ऑल इन इंडिया विद फोकस ऑन एलिमेन्ट्री एजुकेशन : करेन्ट स्टेट्स, रीसेंट इनिशिएटिव एंड फ्यूचर प्रासपेक्टस तथा फायनेंसिंग हायर एजुकेशन इन इंडिया इन दी पोस्ट रिफार्म पीरियड : फोकस ऑन अक्सेस एंड इक्विटी* प्रकाशित किए गए।

बेस्ट प्रैक्टिसेस

विभिन्न उच्च व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए गए नवाचारों की पहचान करके इन्हें उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रसारित करने के लिए इसका प्रकाशन किया जाता है ताकि वे अपने यहां इन नवाचारों को अपनाने के लिए प्रयास करें और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार कर सकें। संस्थान ने *बेस्ट प्रैक्टिसेस इन एजुकेशन : एडमिशन पालिसी एंड प्रैक्टिस : फार इक्विटी, एक्सेस एंड क्वालिटी* को प्रकाशित किया। पहले से ही प्रकाशित *बेस्ट प्रैक्टिसेस इन एजुकेशन : इंटीग्रल एजुकेशन : ए मिशन टू इंटीग्रेट वेल्यूज इन एजुकेशन* का इस वर्ष पुन: मुद्रण भी किया गया।

नीपा प्रकाशन (समूल्य)

1. इनवेस्टमेंट पालिसीज एंड कास्ट अनालिसिस - एन. वी. वर्गीज़ तथा अरुण सी मेहता
2. टोटल क्वालिटी मैनेजमैन्ट इन एजुकेशन - मर्मर मुखोपाध्याय (पुन: मुद्रण)
3. शिक्षा में संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन (टी. क्यू. एम का हिंदी रूपांतर) मर्मर मुखोपाध्याय
4. एजुकेशन पालिसीज इन इंडिया : एनालिसीस एंड रिव्यू आफ प्रामिस एंड परफारमेन्स (सुधा राव द्वारा संपादित)
5. गर्वनेन्स आफ स्कूल एजुकेशन इन इंडिया, मर्मर मुखोपाध्याय तथा आर. एस. त्यागी (सं)

नीपा प्रकाशन (नि:शुल्क)

1. वैल्यू एजुकेशन : ए सलेक्टेड बिबलियोग्राफी (सं. 5 नीपा प्रलेखन केंद्र), दीपक मकोल
2. ई. एफ. ए. : ड्राफ्ट प्लान आफ एक्शन - उप-क्षेत्रीय मंत्री स्तर की समीक्षा बैठक के लिए अखिल भारतीय रिपोर्ट, काठमांडू (मा. सं. वि. मंत्रालय के लिए नीपा द्वारा प्रकाशित)
3. डवलपमेंट सिन्स डकार (ई. एफ. ए.) इंडिया कंट्री पेपर फार E-9, मंत्री स्तर की समीक्षा बैठक, बीजींग, चीन (मा. सं. वि. मंत्रालय के लिए नीपा द्वारा प्रकाशित)
4. फोकस सेकेन्डरी एजुकेशन : रिपोर्ट आफ दी नेशनल कान्फ्रेंस (14-16 फरवरी 2001)
5. बेस्ट प्रैक्टिसेस इन हायर एजुकेशन : एडमिशन पालिसी एंड प्रैक्टिस - फार इक्विटी, एक्सेस एंड क्वालिटी - सुधा राव (सं)
6. क्वालिटी प्रोफाइल्स आफ सेकेंडरी स्कूल्स - सुदेश मुखोपाध्याय तथा अनिल कुमार. के
7. एजुकेशनल रिसर्च इन नार्थ इस्ट इंडिया : ए सोर्स मैटिरियल, निर्मल मल्होत्रा तथा प्रतिभा मित्तल

निजी प्रकाशकों के सहयोग से प्रकाशित पुस्तकें (समूल्य)

1. एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन इन वेस्ट बंगाल : स्ट्रक्चर्स, प्रोसेसेज़ एंड फ्यूचर प्रासपेक्टस, मंजू नरूला तथा श्रीलेखा मजूमदार
2. एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन इन तमिलनाडु : स्ट्रक्चर्स, प्रोसेसेज़ एंड फ्यूचर प्रासपेक्टस, आर. एस. त्यागी तथा एस. परमशिवम
3. एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन इन गुजरात : स्ट्रक्चर्स, प्रोसेसज़ एंड फ्यूचर प्रासपेक्टस, आर.एस. त्यागी, श्रीलेखा मजूमदार तथा आर.के. चौधरी
4. एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन इन महाराष्ट्र : स्ट्रक्चर्स प्रोसेराज़ एंड फ्यूचर प्रासपेक्टस

इस शृंखला में प्रत्येक पुस्तक न केवल राज्यों तथा संघ शासित प्रदेशों से संग्रहित प्राथमिक सूचना आंकड़ों बल्कि द्वितीयक सूचना स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं। ये पुस्तकें विद्यालय शिक्षा के प्रशासन पर विशेष बल देते हुए संस्थान से लेकर राज्य/संघ शासित स्तर पर शैक्षिक प्रशासन की वर्तमान स्थिति को प्रस्तुत करती हैं।

शृंखला के अंतर्गत प्रकाशित पुस्तकें शैक्षिक योजना और प्रशासन की कार्यप्रणालियों का सूक्ष्म विश्लेषण करती हैं और साथ ही शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिए भविष्य में चुनौतियों तथा प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव प्रस्तुत करती हैं।

ये पुस्तकें अनुसंधानकर्त्ताओं, शिक्षाविदों, शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों एवं शिक्षा के विकास में रुचि रखने वालों के लिए महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री प्रदान करती हैं।

प्रेस में

1. एनहानसिंग दि अकादमिक रोल आफ बोर्ड आफ स्कूल एजुकेशन - सुदेश मुखोपाध्याय (सं)
2. सेकेण्डरी एजुकेशन : चैलेंजज अहेड, (सं.) मर्मर मुखोपाध्याय तथा मंजू नरूला (समूल्य)
3. जर्नल आफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, जिल्द XVI, अंक 1, जनवरी 2002 (समूल्य)
4. परिप्रेक्ष्य (हिंदी जर्नल) जिल्द VIII, अंक 1 तथा 2, अप्रैल-अगस्त 2001
5. बेस्ट प्रैक्टिसेस इन हायर एजूकेशन-च्वायस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम
6. स्कूल मैपिंग : एन एनालिसिस आफ एजुकेशन फैसीलिटीज इन ढेंकेनाल, जिला उड़ीसा, द्वारा एन. वी. वर्गीज तथा के. बिस्वाल (समूल्य)
7. डाइस 2001: ए यूजर्स मैनुअल

प्रकाशित मिमियोग्राफ

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इसके अतिरिक्त संस्थान ने विभिन्न अनुसंधान अध्ययनों, समसामयिक आलेखों, नीपा द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों /संगोष्ठियों की रिपोर्टें/ प्रशिक्षण सामग्री/मिमियोग्राफ/ जीरोक्स के रूप में प्रकाशित किए।

अध्याय 5

पुस्तकालय / प्रलेखन केंद्र और अकादमिक समर्थन प्रणाली

पुस्तकालय / प्रलेखन केंद्र

संस्थान में शैक्षिक योजना, प्रशासन और शैक्षिक विषयों पर एक समृद्ध पुस्तकालय तथा प्रलेखन केंद्र है। इसे एशिया क्षेत्र में शैक्षिक योजना और प्रबंध के क्षेत्र में सबसे समृद्ध पुस्तकालयों में शामिल किया जा सकता है। इससे केवल संकाय, शोधछात्रों और विभिन्न कार्यक्रमों के भागीदारों की ही जरूरतें पूरी नहीं होती बल्कि अंतरपुस्तकालय ऋण व्यवस्था के माध्यम से दूसरे संगठनों की जरूरतें भी पूरी होती हैं। यहां वाचनालय की सुविधाएं सभी के लिए उपलब्ध हैं।

समीक्षित काल में पुस्तकालय/प्रलेखन केंद्र में 1001 पुस्तकों और दस्तावेजों की वृद्धि हुई। इस समय पुस्तकालय/प्रलेखन केंद्र के पास संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को आर्थिक सहयोग-विकास संगठन, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, यूनिसेफ, विश्व बैंक आदि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों और सम्मेलनों की रिपोर्टों इत्यादि के अलावा 55,016 पुस्तकों का एक समृद्ध संग्रह भी है।

पत्रिकाएं

